हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026

11 नप ने नालों पर बने अवैध चबूतरों को तोड़ा




12 तीन दिन में वेतन न मिलने पर हड़ताल की दी चेतावनी



## खबर संक्षेप



### अलसुबह घने कोहरे ने किया परेशान

**झज्जर।** मंगलवार को एक बार फिर दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। बाहरी क्षेत्रों में दृश्यता पचास मीटर से भी कम रही, जिसके कारण सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। सबसे अधिक परेशानी स्कूल कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को हुई, जिन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण मौसम में भी ठंडक घुल गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, दोपहर बाद हल्की धूप निकली। जिसके कारण लोगों को ठंड से आंशिक राहत मिली।

### खेल सामान के लिए 31 मार्च तक भेजें मांग

**झज्जर।** जिला खेल अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगर निकायों के युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2025-26 आरंभ की गई है। योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट, योगा एवं वेटलिफ्टिंग सहित विभिन्न खेलों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार खेल सामग्री ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों को उपलब्ध करवाई जाएगी। सामग्री की मांग निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर 31 मार्च तक जिला खेल कार्यालय में भेजें।

### 2.38 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू


**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने बादली थाना क्षेत्र से हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनू के रूप में हुई है। गांव पेलपा का रहने वाला है। पुलिस को सूचना थी कि वह नशीला पदार्थ बेचता है। आरोपी के पास से 2.38 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसके खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है।

### गिरावड़ में फांसी लगा पलम्बर ने दी जान

**झज्जर।** गांव गिरावड़ स्थित एक संस्थान में पलम्बर का कार्य करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सोनीपत जिले के गांव बसौदी निवासी करीब 23 वर्षीय तरुण सिरोहा पुत्र श्याम सिंह के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले दो वर्षों से गिरावड़ स्थित एक मेडिकल कॉलेज में पलम्बर का कार्य करता था। तरुण अविवाहित था और मानसिक रूप से परेशान था। उसका फुफेरा भाई अभिषेक भी इसी संस्थान में पलम्बर के रूप में कार्यरत है।

# बंदरों से परेशान लोगों ने छतों पर लगाए लंगूर के फोटो, कीर्तन कर कहा-हे राम! बचा लो


**बंदरों का आतंक**



- टेंडर छोड़ने के 54 दिन बीतने पर भी केवल 100 बंदर ही पकड़े गए, लोगों ने जल्द समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बंदरों के उत्पात से परेशान आमजन को प्रशासन राहत नहीं दिलवा पा रहा। नगर परिषद की ओर से केवल 100 बंदर ही पकड़वाए गए हैं। ऐसे में लोग देसी जुगाड़ से बचने के प्रयास कर रहे हैं। वार्ड नंबर 19 के लोगों ने बंदरों से बचाव के लिए अपने घरों के बाहर लंगूर की बड़ी फोटो लगाई हुई है, लेकिन बंदर उस फोटो से भी नहीं डरे और लगातार लोगों को काट रहे हैं। इसके कारण लोग भय के साये में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हालांकि नगर परिषद द्वारा बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर किया हुआ है। टेंडर किए हुए भी 54 दिन बीत गए हैं, लेकिन इन 54 दिनों में महज 100 बंदर ही पकड़ में आए हैं। हालांकि यह समस्या पूरे शहर की है, लेकिन वार्ड नंबर 19 में केवल एक बंदर ने इतना उत्पात मचा रखा है कि लोगों का जीना दूभर हो रखा है। केवल इसी वार्ड में 30 से अधिक लोगों को यह अकेला बंदर अपना निशाना बना चुका है।



झज्जर। वार्ड 19 में छत पर लगी लंगूर की फोटो।

**बंदर से बचाव के लिए महिलाओं ने किया भजन कीर्तन**



वार्ड नंबर 19 की महिलाओं ने बंदर से बचाव के लिए मंगलवार सायं भजन कीर्तन किया और प्रसाद बांटा। वार्ड पार्षद भागवंती देवी ने बताया कि महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए सर्वमंगल की कामना की है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना कि है कि हे राम! बचा ला। इस वार्ड में शांति बनाए रखें और बंदर किसी पर हमला न करें। उन्होंने बताया कि एक बंदर की इतनी दहशत है कि कई लोगों ने अपने घरों के बाहर लंगूर का फोटो भी लगवा दिया है ताकि बंदर उन्हें परेशान न करें। लेकिन फिर भी कोई राहत नहीं मिल पाई है।

**प्रयास किए तेज**

नगर परिषद चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि वार्ड नंबर 19 की शिकायतें ज्यादा आ रही हैं, जिसको पकड़ने के प्रयास तेज किए हुए हैं। स्पेशल टीम भी लगाई गई है, प्रयास है कि जल्द ही इस बंदर को पकड़ लिया जाएगा।

**नप में की शिकायत**

वार्ड नंबर 19 की एक महिला मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंची और बंदर के उत्पात के बारे में विस्तार से बताया। उस महिला ने कहा कि चेयरमैन सर केवल इस एक बंदर को पकड़वा दो। दिन हो या रात पता नहीं यह बंदर एकाएक आता है और काटकर चला जाता है, जिसके कारण घर से निकलना भी दूभर हो रहा है।

## साथियों की बहाली के लिए 90 पटवारी व 12 कानूनगो ने धरना दिया

# पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल से अटकी रजिस्ट्री और इंतकाल

**डोमिसाइल बनवाने के लिए परेशान हो रहे विद्यार्थी**

*हड़ताल के कारण अब केवल पांच से छह रजिस्ट्रियां ही हो रही हैं, तीन हजार इंतकाल पेंडिंग।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सस्पेंड किए गए पटवारियों की बहाली की मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे पटवारी एवं कानूनगो की हड़ताल का असर दिखाई देने लगा है। लोग अपने इंतकाल, जमीन पैमाइश सहित अन्य कार्यों के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कार्य नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है।

एसोसिएशन प्रधान राजबीर गुलिया ने बताया कि सभी पटवारी व कानूनगो हड़ताल पर हैं। मंगलवार को 90 पटवारी व 12 कानूनगो द्वारा धरनास्थल पर उपस्थिति दर्ज करवाई गई। जिले में चल रही पटवारियों की हड़ताल का आमजन पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हड़ताल के कारण अब केवल पांच से छह रजिस्ट्रियां हो रही हैं। ये रजिस्ट्रियां भी उनमें शामिल हैं जिनकी जमाबंदी लोगों द्वारा हड़ताल से पहले मिलवा ली गई थी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन करीब पचास से अधिक से होने वाले इंतकाल, नई फर्द निकलवाने के कार्य, लोन चढ़वाने से संबंधित कार्य तथा डोमिसाइल बनवाने के कार्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है।



झज्जर। धरनास्थल पर बैठकर सस्पेंड पटवारियों की बहाली की मांग करते हुए एसोसिएशन सदस्य।

**सस्पेंड किए गए पटवारियों की बहाली की है मांग :** दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान राजबीर गुलिया ने बताया कि करीब दो महीने पहले क्षतिपूर्ति पोर्टल के कारण निलंबित किए गए पटवारियों में जींद से अनिल जांगड़ा, गुरुग्राम से सुनील, भिवानी से कृष्ण, कुरुक्षेत्र से जतिन चावला, चरखीदादरी से अमित कुमार व फतेहाबाद से सतपाल शामिल हैं। उनका कहना है कि पोर्टल में तकनीकी खराबी के चलते उन्हें सस्पेंड किया गया है। इसलिए वे निलंबित पटवारियों की बहाली की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन के माध्यम से सीएम को भी ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन जब समाधान नहीं हुआ तो उन्होंने धरना देने का रास्ता अपनाया। उनका यह धरना बुधवार को भी जारी रहेगा। इस मौके पर पटवारी नरेंद्र, मनोज, प्रवीण, मंजीत, विकास, महेंद्र, पुष्पा, पूनम, कानूनगो राकेश, सुरेंद्र, नरेंद्र, जसबीर सहित अन्य उपस्थित रहे।

**हड़ताल का नहीं था पता**



कासनी निवासी करतार ने बताया कि वह दस्तावेजों के मामले में पटवारी से मिलने आए हैं, लेकिन यहां आकर पता चला कि सभी पटवारी धरना दे रहे हैं। इसके कारण समय और धन दोनों का नुकसान हुआ है।

**इंतकाल लेने का कर रहे इंतजार**



सुबाना निवासी सतप्रकाश ने बताया कि वे फरद तो लघु सचिवालय जाकर निकलवाए हैं, लेकिन अब उन्हें इंतकाल लेना था। जिसके लिए वे पटवारी का इंतजार कर रहे हैं। हड़ताल की वजह से बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**प्लॉट के विवाद में पटवारी की जरूरत**



खखाना निवासी उर्मिला ने बताया कि उनके प्लॉट का विवाद है जिस पर अन्य लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। अब उन्हें पटवारी से अपने प्लॉट संबंधी दस्तावेज निकलवाने हैं, लेकिन पटवारी हड़ताल पर होने के चलते उन्हें लौटना पड़ रहा है।

## दयानंद पार्क में 25 लाख से बनेगा अत्याधुनिक शौचालय



बहादुरगढ़। शौचालय निर्माण का शिलान्यास करते विधायक व चेयरपर्सन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बाइपास पर स्थित महर्षि दयानंद पार्क में जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाएगा। विधायक राजेश जून ने नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के साथ करीब 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस शौचालय के निर्माण कार्य का मंगलवार को शिलान्यास किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि शहर के पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। महर्षि दयानंद पार्क में रोजाना बड़ी संख्या में लोग सैर-व्यायाम के लिए आते हैं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि नगर परिषद बहादुरगढ़ को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक शहर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। यह शौचालय स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप बनाया जाएगा। पार्षद सविता राजेश सैनी ने इसके लिए विधायक राजेश जून और चेयरपर्सन सरोज राठी का आभार जताया।

इस मौके पर पालेराम शर्मा, राजेश तंवर, हरज्ञान कौशिक, जगबीर डागर, एनएस कपूर, महेंद्र दहिया, अतर सिंह, महेंद्र जांगड़ा, मनमोहित गुप्ता, रामनारायण, राजकुमार, सुनील दहिया, वेद, दया कृष्ण, नरेश छिकारा, बालकिशन सैनी, अमित सैनी, पिंकी सैनी व रणबीर आदि मौजूद रहे।

## आयुष्मान के तहत कल से सिविल अस्पताल में होंगे फ्री ऑपरेशन

**झज्जर।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आमजन को बेहतर एवं निःशुल्क सर्जिकल सुविधाएं प्रदान करने के लिए 5 से 11 फरवरी तक विशेष सर्जिकल आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि शिविर के दौरान जिले के नागरिक अस्पताल झज्जर व बहादुरगढ़ में पात्र लाभार्थियों के ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे। कार्यक्रम अधिकारी व उप सिविल सर्जन डॉक्टर सुनीता तंवर के नेतृत्व में किए जाने वाले इस शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लोगों के हड्डी रोग, कान-नाक-गला, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल सर्जरी से संबंधित ऑपरेशन किए जाएंगे। ज्यादा जानकारी के लिए नागरिक सिविल अस्पताल में संपर्क करें।



# यातायात नियमों की अनदेखी पर एक माह में काटे 6740 चालान, 46 वाहन इंपाउंड किए

- नियम तोड़ने वालों पर किया 19 लाख 97 हजार से अधिक का जुर्माना
- बिना हेलमेट के 736 और बिना नंबर प्लेट के 237 चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

यातायात व्यवस्था की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के प्रति पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के अंतर्गत बीते माह में 6740 वाहन चालकों के चालान काटते हुए उन पर करीब 19 लाख 97 हजार 600 रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा 46 वाहनों को इंपाउंड किया गया। किए गए चालानों में लेन बदलने के 219, ब्लैक फिल्म के 150, पॉल्यूशन संबंधी 291, बिना हेलमेट के 736, बिना नंबर प्लेट के 237, बिना अनुमति लाल-नीली लाइट के दुरुपयोग के 167, खतरनाक यू-टर्न संबंधी 162, बिना सीट बेल्ट के 156 तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने संबंधी 13 चालान शामिल हैं। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने आमजन को दिए अपने संदेश में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। लोगों को चाहिए कि वे यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।



झज्जर। झज्जरी की पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह चालान के बारे में जानकारी देते हुए।

## दुर्गा कॉलोनी में मकान से लाखों के आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** दुर्गा कॉलोनी स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर ताले तोड़कर मकान में घुसे और लाखों के आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सुधीर के मकान में हुई है। सोमवार को सुधीर अपने काम पर गए थे। दोपहर को पत्नी बच्चों को लेने स्कूल चली गई। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान को निशाना बनाया और वारदात को अंजाम दे गए। जब उसकी पत्नी बच्चों को लेकर घर लौटी तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर सोने की दो चेन, झुमकी, टाप्स, दो मंगल सूत्र व दो अंगूठी सहित अन्य सामान नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मकान के आसपास कोई सीसीटीवी भी नहीं लगा है। वहीं, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

**आरटीआई में खुलासा : जिला गठन के लिए अभी करना होगा इंतजार**

# बहादुरगढ़ को जिला बनाने का प्रस्ताव एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा

- लंबे समय से शहरवासी नगर निगम बनाने की भी कर रहे मांग, लेकिन औपचारिक रूप से प्रक्रिया शुरू नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद को नगर निगम बनाने व बहादुरगढ़ को जिला घोषित करने की मांग को लेकर वर्षों से किए जा रहे प्रयासों व राजनीतिक दावों की निराशाजनक स्थिति सामने आई है। आरटीआई के तहत मिले जवाब के अनुसार, बहादुरगढ़ को नगर निगम बनाने और जिला घोषित करने का कोई औपचारिक प्रस्ताव अभी तक मुख्य सचिव कार्यालय, जनसंख्या आयुक्त कार्यालय या मुख्यमंत्री कार्यालय तक नहीं पहुंचा है।

दरअसल, एक्टीविस्ट सतपाल हाड़ा ने 22 जुलाई 2025 को हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव कार्यालय से आरटीआई के तहत पूछा था कि बहादुरगढ़ को नगर निगम या जिला बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने कोई प्रस्ताव भेजा है या नहीं।

शहरी विकास विभाग चंडीगढ़ द्वारा समय पर जवाब न देने पर 24 दिसंबर 2025 को प्रथम अपील दायर की गई। इसके बाद 22 जनवरी 2026 को प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं मुख्य नगर योजनाकार, लोकल बॉडी विभाग पंचकूला ने स्पष्ट किया कि बहादुरगढ़ को जिला बनाने के लिए और नगर निगम बनाने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**पिछले साल भाजपा नेताओं ने सीएम से की थी मांग**

बता दें कि 3 जनवरी 2025 को भाजपा नेताओं ने बहादुरगढ़ में मुख्यमंत्री के समक्ष नगर निगम बनाए जाने की मांग रखी थी। फिर जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से प्रतिवेदन भेजे गए। इस पर निकाय विभाग के महानिदेशक ने 24 जनवरी, 11 फरवरी और 14 मई को इस विषय में रोहतक मंडल आयुक्त को पत्र लिखे थे। नगर निगम गठन को लेकर आयुक्त कार्यालय में एक रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। रिपोर्ट में साफ किया गया है कि निगम बनाए जाने के लिए न्यूनतम तीन लाख आबादी की शर्त पूरी करने के लिए 11 गांवों को सीमा विस्तार में शामिल करना और प्रवासी श्रमिकों की जनसंख्या को जोड़ना पड़ेगा। इससे स्पष्ट है कि मांग विभिन्न स्तरों पर उठती रही, लेकिन इसे अब तक पूर्ण और औपचारिक प्रस्ताव का रूप नहीं दिया जा सका है।

**ठोस योजना बनानी होगी : हाड़ा**





सतपाल हाड़ा ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्गठन समिति को असंध, नारायणगढ़, मानेसर, पेहवा, बरवाला, सफीदों, पटौदी, डबवाली, गोहाना और हांसी जैसे क्षेत्रों से नए जिले बनाने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा हांसी को जिला घोषित करने की घोषणा भी की जा चुकी है, जबकि बहादुरगढ़ इस सूची से बाहर है। शहर के लोगों का कहना है कि केवल ज्ञापन, पोर्टल आवेदन व राजनीतिक बयानबाजी से बहादुरगढ़ को न तो जिला बनाया जा सकता है और न ही नगर निगम। इसके लिए स्थानीय प्रशासन को ठोस, स्पष्ट और विधिवत प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार व पुनर्गठित समिति को भेजना होगा।

**जागरेब ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज का आगाज आज से**

# क्रोएशिया में दम दिखाएंगे झज्जर के अमन, दीपक और साहिल पहलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



क्रोएशिया में बुधवार से जागरेब ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज का आगाज हो रहा है। दुनियाभर के पहलवान इसमें भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में झज्जर जिले के भी तीन पहलवानों पर नजर रहेगी। यहां के प्रतिभाशाली साहिल, ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत व हेवीवेट पहलवान दिनेश धनखड़ दमखम दिखाएंगे। झज्जर के बिरोहड़ गांव के अमन 57 केजी फ्री स्टाइल में दमखम दिखाएंगे। बुधवार चार फरवरी को उनके मुकाबले शुरू होंगे। अमन ओलंपिक, सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन गेम्स व एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीत चुके हैं।

**एशियन चैंपियनशिप में छाए थे दिनेश**




125 केजी फ्री स्टाइल में दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिनेश झज्जर के गोयला कलां गांव से हैं और गोधड़ी अखाड़े में अभ्यास करते हैं। एशियन चैंपियनशिप के मेडलिस्ट दिनेश देशी दंगलों में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। वीरवार को दिनेश की कुश्ती होगी। हाल ही में संपन्न हुई पीडब्ल्यूएल में अमन और दिनेश ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था।

**60 किलो वर्ग में भिड़ेंगे साहिल**



दराणा गांव के साहिल 60 केजी ग्रीको रोमन में दमखम दिखाएंगे। वह बीते चार साल से यहां मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल से प्रशिक्षण ले रहे हैं। आठ फरवरी को उनकी कुश्ती होगी।



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style



# तापसी
## एक बार फिर कोर्टरूम में

एजेंसी ▶▶ जयपुर

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।



# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।

# नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्पररी



इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।

### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो

### सीवरेज से निकलता गंदा पानी सड़क पर फैल रहा, आमजन परेशान

# सीवरेज लीकेज से भट्टी गेट में उठ रही दुर्गंध और गंदगी से बीमारियां फैलने का अंदेशा



झज्जर। लीकेज सीवरेज को दिखाती हुई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भट्टी गेट में लीकेज सीवरेज व्यवस्था के कारण मोहल्लावासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज से निकलता गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है जिस कारण राहगीरों को परेशानी आ रही है। यहां मेन बाजार जाने वाली गली के बीच जहां सड़क के बीचों बीच गंदे पानी का रिसाव होता रहता है। पेयजल सप्लाई के दौरान जहां गंदा पानी तेजी से निकलता है वहीं सप्लाई के बाद रिसाव की गति धीमी हो जाती है। इसके कारण उठ रही दुर्गंध से जहां जीना मुहाल हो रखा है, वहीं बीमारियां फैलने का भी डर सताने लगा है। परेशान मोहल्ला निवासियों ने जिला प्रशासन से समस्या के समाधान करवाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में नगर परिषद चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में अब आया है। जल्द समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा, आमजन को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

#### मलबा गिरने से सीवरेज ब्लॉक

जैसे-जैसे उनके पास लोगों की शिकायत आती है, वे समस्या के समाधान के लिए कर्मचारी भेज देते हैं। भट्टी गेट में पिछले दिनों सड़क निर्माण कार्य किया गया था। उसी दौरान सीवरेज में गिरे मलबे के कणों के कारण समस्या आ रही है। फिर से सीवरेज की सफाई करा दी जाएगी।

- दलबीर हुड्डा, एसडीओ, पब्लिक हेल्थ।

#### करीब छह माह से बनी है समस्या



मोहल्लावासी छोटी देवी ने बताया कि उनके यहां यह समस्या पिछले करीब छह माह से आ रही है। यहां से दिनभर में सैंकड़ों लोगों व दर्जनों वाहनों का आवागमन होता है। गंदे पानी के कारण राहगीरों को भी परेशानी आती है।

#### औपचारिकता पूरी करके चले गए कर्मचारी



बिमला देवी ने बताया कि बार-बार शिकायत के बाद एक-दो बार कर्मचारी भी आए भी लेकिन वे औपचारिकता पूरी करके चले गए। सफाई के थोड़े दिनों बाद ही फिर से वहीं स्थिति उत्पन्न हो गई।

#### घर के सामने उठती है दुर्गंध, बदबूदार माहौल



रामपती देवी ने बताया कि जिस सीवरेज में रिसाव होता है वह उनके घर के सामने हैं। ऐसे में उसे दिनभर बदबूदार माहौल में रहना पड़ रहा है। बच्चे बाहर खेलने के बाद कई बार गंदे पांव लिए ही घर के अंदर चले आते हैं।

#### किससे करें शिकायत



रेशम देवी ने बताया कि उनकी गली वार्ड नंबर तेरह में आती है। पहले वे अपनी परेशानी की शिकायत संबंधित पार्षद से कर देती थीं लेकिन अब पार्षद का देहांत हो चुका है, ऐसे में उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि वे किससे समस्या के समाधान की गुहार लगाएं।

## सरकारी नौकरी के विकल्पों की जानकारी दी



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ स्वयंसेवक व एनएसएस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर के छठे दिन जगबीर सिंह ने विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी के विभिन्न विकल्पों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने अलग-अलग सरकारी क्षेत्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं, तैयारी की सही रणनीति और निरंतर मेहनत के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे स्वयंसेवकों को भविष्य की दिशा तय करने में मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेनू व डॉ. संदीप द्वारा किया गया। मंगलवार को एनएसएस कैंप की शुरुआत योग सत्र से हुई। योग के माध्यम से स्वयंसेवकों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा विषय पर सत्येंद्र दहिया द्वारा व्याख्यान दिया गया। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित ड्राइविंग तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए ज्ञानवर्धन किया।

## उपायुक्त ने मत्स्य पालन योजना की प्रगति का लिया जायजा



झज्जर। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में चल रही मत्स्य पालन योजना की प्रगति का डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मौके पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने मत्स्य पालकों से उत्पादन, परिवहन, स्टोरेज और मार्केटिंग आदि के बारे विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन न केवल किसानों की अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम बन रहा है, बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं में आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक पद्धतियों तथा बेहतर प्रबंधन प्रणाली को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि पंचायती जमीन और जल भराव वाले क्षेत्रों को मत्स्य पालकों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराएं।

### विद्यार्थियों को करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास



*झज्जर। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्था द्वारा क्षेत्र के गांव गोच्छी स्थित एक निजी स्कूल में सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार व योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक प्रेम व सतेंद्र ने द्वारा विद्यार्थियों को योग से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय निदेशक सुरेंद्र अहलावत, प्राचार्या ज्योति अहलावत, रिंकू, प्रियंका, संगीता, शीला, सागर, सुनीता व जतिन गुप्ता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

### विद्यार्थियों को कद लंबा करने के लिए ताड़ासन करवाया



झज्जर। योग आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक औषधालय किलड़ौद से आयुष योग सहायिका सीमा हुड्डा ने विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के अलावा कद लंबा करने के लिए ताड़ासन, त्रिकोणासन व पादहस्तासन बारे भी विस्तार से जानकारी दी। स्कूल प्राचार्या सुदेश ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे योगाचार्य द्वारा सिखाए गए योगासनों का नियमित अभ्यास करें।

### सूर्य नमस्कार का महत्व समझाया

*झज्जर। हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंकदरपुर में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान सीताराम गेट स्थित यूपीएचसी से योगाचार्य ज्योति ने मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। जिला योग समन्वयक डॉक्टर पवन देशवाल ने बताया कि सूर्य नमस्कार के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ युवाओं में देशभक्ति एवं अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 12 फरवरी तक जारी रहेगा।*



### स्कूल से 30 पुराने पेड़ काटने की एसडीएम को दी शिकायत

बहादुरगढ़। बिना वन विभाग से अनुमति लिए नया गांव के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर से 30 पेड़ काटकर बेचने का मामला सामने आया है। पेड़ किसने काटे यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन ग्रामीणों ने सरपंच पर आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि ग्राम सरपंच ने तमाम आरोपों को निराधार बताते हुए पेड़ कटवाने की बात से इनकार किया है। दरअसल, नया गांव सैनीयान के सरकारी स्कूल परिसर से कुछ समय पहले शीशम, सरस व सफेदे आदि के पेड़ काटे गए। मामले की भनक लगी तो कुछ ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति जताई और उसी क्रम में शिकायत दी गई है। शिकायतकर्ता सुंदर सिंह का कहना है कि काटे गए तमाम पेड़ वर्षों पुराने थे। काटने से पहले वन विभाग से भी मंजूरी नहीं ली गई।



## राजकीय कन्या स्कूल में जांचा स्वास्थ्य

■ मोनिका ऑप्टोमेट्रिस्ट के द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिक्षण संस्थानों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता शिविरों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नोडल अधिकारी डॉ. शिखा रोहिल्ला के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीघल की टीम द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भापडौदा में शिविर आयोजित कर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अनेक शारीरिक रोगों तथा उनके बचाव के संबंध में बच्चों को अवगत कराया। स्वस्थ शरीर ही जीवन का मुख्य आधार है। उन्होंने बच्चों को दांतों की समस्याओं से तथा डॉक्टर अरुण कुमार के द्वारा संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया गया। वहीं मोनिका ऑप्टोमेट्रिस्ट के द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया।

## साइबर सुरक्षा के टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जसौरखेड़ी गांव के राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें भैंसवाल कलां के राजकीय महाविद्यालय के डॉ. मंजीत सिंह ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्राचार्य डॉ. संदीप, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ. पूनम, डॉ. सुनील और डॉ. सुनील कुमार उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में डॉ. मंजीत सिंह ने साइबर अपराधों के प्रकार, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा, पासवर्ड प्रबंधन, डेटा प्राइवेसी, फिशिंग, मालवेयर तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के तरीकों पर प्रकाश डाला।

छात्राओं को डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने, व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि से बचने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए।



बहादुरगढ़। छात्राओं को साइबर सुरक्षा के बारे में बताते डॉ. मंजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

■ घायल की शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

घर से ड्यूटी के लिए जा रहे बाइक सवार दो युवक ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। घायल की शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई है। मोहित गांव आसौदा टोडराण का रहने वाला था। वह किसान चौक के निकट एक कंपनी में काम करता था। वहीं घायल आसौदा सिवान का निवासी विजय कुमार हुआ है। सोमवार को ड्यूटी जाते वक्त हादसे का शिकार हो गए। पुलिस को दिए बयान में विजय कुमार का कहना है कि मोहित और वह एक साथ बाइक पर कंपनी में जाते थे। रोजाना की तरह सोमवार को भी घर से निकले थे। बाइक मोहित चला रहा था। जब हम आसौदा में फन टाउन के निकट पहुंचे तो आगे एक ट्रैक्टर चल रहा था। मोहित ने उस ट्रैक्टर को क्रास करना चाहा। इसी चालक ने ट्रैक्टर दाईं तरफ मोड़ दिया और हम चपेट में आ गए। हादसे में हमें गंभीर चोट आई। राहगीरों ने हमको संभाला और अस्पताल लेकर गए। मोहित को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि मुझे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। वहीं, दूसरी तरफ सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एक टीम ने पीजीआई जाकर घायल के बयान लिए और फिर मोहित के शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। आसौदा पुलिस का कहना है कि इस संबंध में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पुराना तहसील मार्ग से बीकानेर चौक तक पीला पंजा चलाया

# नगर परिषद ने नालों पर बने अवैध चबूतरों को तोड़ा

#### दुकानदारों को दी चेतावनी, दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई





झज्जर। बीकानेर चौक के नजदीक अवैध निर्माण को हटाते हुए जेसीबी।



झज्जर। ट्रैक्टर ट्राली में होर्डिंग्स रख कर ले जाते हुए नपकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर परिषद सख्ती से कार्य कर रही है। नालों के ऊपर बनाए गए अवैध चबूतरों को तोड़ा जा रहा है, वहीं सड़क पर रखे होर्डिंग्स, स्टैंडी व बैनर आदि को हटवाया जा रहा है। मंगलवार को नप टीम ने पुराना तहसील मार्ग से बीकानेर चौक तक पीला पंजा चलाया और अवैध निर्माणों को तोड़ा। इस दौरान यातायात प्रभारी वीरेंद्र कुमार भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे और दुकानदारों को निर्धारित सीमा में ही सामान रखने की अपील की। नगर परिषद के भवन निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने बताया कि पुराना तहसील मार्ग से बीकानेर चौक तक जो प्वाइंट रह गए थे, उन पर कार्रवाई की गई है।

#### दोबारा अतिक्रमण करने वालों को दी चेतावनी

नगर परिषद द्वारा छिकारा चौक से अंबेडकर चौक तक चबूतरे तोड़े गए थे। ऐसे में कुछ दुकानदारों ने दोबारा अतिक्रमण करना शुरू कर दिया था। इसको लेकर नगर परिषद ने मुनादी करवाई। नप कर्मी प्रदीप ने कहा कि जैसे नालों की स्थिति है, वैसे ही बनी रहने दें। अगर दुकानदार दोबारा निर्माण करते हैं तो जुर्माने के साथ साथ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

बहादुरगढ़। गांव लाडपुर में कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। इस संबंध में कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान गौतम के रूप में हुई है। गौतम गांव लाडपुर का रहने वाला था। बीते करीब दो साल से वह दादरी तोए स्थित पैनासोनिक कंपनी में काम करता था। सोमवार को वह बाइक पर सवार होकर ड्यूटी जा रहा था। जब गांव लाडपुर में सरकारी स्कूल के पास पहुंचा तो बामड़ोला की तरफ से आई एक काले रंग की कार की चपेट में आ गया। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। सूचना मिलने पर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और गौतम को संभाला। उसे बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर बेहतर इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले गए। ईलाज के दौरान मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। यह सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और परिजनों के बयान लिए। अपने भाई की मौत के लिए जयभगवान ने कार चालक को जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत के आधार पर बादली पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार का नंबर पुलिस को मिल गया है। गौतम चार भाई बहनों में सबसे छोटा था और अविवाहित था।

**सूचना**

मैं, संदीप पुत्र इंद्रमणी पुत्र बोबद राम निवासी मकान नंबर-677, शिव चौक, नजफगढ़ रोड, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रोनक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



झज्जर। जीत के उपरांत प्रथम पायदान पर उपस्थित खिलाड़ी रिधिमा।

### स्टेट आर्चरी चैंपियनशिप में रिधिमा ने जीता स्वर्ण

**झज्जर।** गांव धौड़ स्थित पार्थ आर्चरी अकेडमी की खिलाड़ी रिधिमा ने पलवल में आयोजित स्टेट आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। रिधिमा ने अंडर -13 आयु वर्ग में भागीदारी करते हुए अपनी सटीक निशानेबाजी, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास का परिचय देते हुए गोल्ड मेडल जीता।

### बुपनिया से कैंटर चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहन चोरी के मामले नहीं थम रहे। अब गांव बुपनिया में एक कैंटर चोरी हो गया। वाहन मालिक कुलदीप की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। बादली थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इनेलो नेता सुहाग के निधन पर जताया शोक

**बहादुरगढ़।** इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने इनेलो के वरिष्ठ नेता बलवान सुहाग के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बलवान सुहाग एक कर्मठ, जुझारू और समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने अपने सामाजिक व राजनीतिक जीवन में जनसेवा को सर्वोपरि रखा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। जगबीर सुहाग ने बताया कि उनकी रस्म पगड़ी सोमवार 9 फरवरी को पालिका कॉलोनी में संपन्न होगी।

## परेशान कर्मचारियों ने विभाग कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

# तीन दिन में वेतन न मिलने पर पेयजल सप्लाई ठप कर हड़ताल की दी चेतावनी

- जनस्वास्थ्य विभाग में एचकेआरएन के तहत लगे 29 कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जनस्वास्थ्य विभाग में एचकेआरएन के तहत कार्यरत 29 कर्मचारियों को बीते चार माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने से परेशान इन कर्मचारियों ने मंगलवार को विभाग कार्यालय के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन किया।

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी वर्कर मैकेनिकल वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों और प्रभावित कर्मचारियों ने अमित राठी की अगुवाई में जोर शोर से वेतन संबंधित मांग उठाई। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि तीन दिन के भीतर वेतन नहीं मिला तो गांवों की पेयजल सप्लाई बंद कर हड़ताल कर दी जाएगी। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने विधायक राजेश जून के कार्यालय में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि अक्टूबर से जनवरी तक मासिक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बार-बार विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने, लिखित व मौखिक अनुरोध करने के बावजूद न तो कोई ठोस आश्वासन मिला और न ही बकाया राशि जारी की गई। वेतन न मिलने से कर्मचारियों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन पर निशांत अहलावत, तस्वीर, जितेंद्र, हरिओम, पवन, नवीन, संजय, जसलीन, सतीश प्रवीण, सुनील सहित कई कर्मचारियों ने हस्ताक्षर किए हैं।



बहादुरगढ़। वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। डिप्टी सीएमओ डॉ. कुलदीप को समस्याओं से अवगत करवाती महिला स्वास्थ्यकर्मी।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने की काम का सही बंटवारा करने की मांग

**झज्जर।** जॉब रिस्पांसिबिलिटी के आधार पर काम का बंटवारा किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को बहुउद्देश्यीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी समिति ने डिप्टी सीएमओ डॉ. कुलदीप से मिलकर उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया। इस संबंध में सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने लिखा है कि वर्तमान में सब सेंटर स्तर पर कार्य का समान बंटवारा न होने के कारण अधिकांश स्वास्थ्य कार्यक्रमों का भार एमपीएचडब्ल्यू फीमेल व एएनएम पर डाला गया है। उनका मुख्य कार्य मातृत्व व शिशु देखभाल का है। अतिरिक्त कार्यभार के कारण उनका मुख्य कार्य प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर समिति प्रधान मनीषा, कविता, अनीता, रजमीला, निशा, उषा, राजेश, मनेश, सरिता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## ओलम्पियन पहलवान दीपक पूनिया विवाह बंधन में बंधे



**बहादुरगढ़।** हरियाणा की माटी से निकलकर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती जगत में भारत का नाम रोशन करने वाले ओलम्पियन पहलवान दीपक पूनिया शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने बहादुरगढ़ स्थित हिल्टन रिसॉर्ट में अपने पिता के मित्र की पुत्री शिवानी के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच सात फेरे लिए।

- सादगी भरे समारोह में शिवानी से सात फेरे लिए

अर्जुन अवॉर्डी दीपक की पत्नी शिवानी झज्जर जिले के गांव निलोठी की रहने वाली हैं। वह रोहतक के जाट महाविद्यालय से अंग्रेजी ऑनर्स में स्नातकोत्तर और बीएड कर चुकी हैं तथा वर्तमान में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। दीपक और शिवानी की सगाई सितंबर माह में हुई थी। सोमवार दो फरवरी को झज्जर में स्थित धनखड़ फार्म हाउस में लग्न टीका समारोह हुआ था। मंगलवार तीन फरवरी की सायं छारा गांव से बारात रवाना होकर बहादुरगढ़ के हिल्टन रिसॉर्ट पहुंची। यहां अतिथियों के स्वागत के बाद विवाह की सभी रस्में विधिवत पूरी की गईं। समारोह में कुश्ती और खेल जगत की कई जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। दीपक पूनिया का जन्म 19 मई 1999 को झज्जर जिले के छारा गांव में हुआ था। पिता सुभाष स्वयं स्थानीय स्तर के पहलवान रहे और उन्होंने महज पांच वर्ष की उम्र में दीपक को अखाड़े में उतार दिया। कोच वीरेंद्र आर्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेते हुए दीपक ने कुश्ती की बारीकियां सीखीं। मिट्टी के दंगलों से निकलकर दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम तक पहुंचे दीपक ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बनाई।



बहादुरगढ़। कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

## नेशनल स्कूल गेम्स में सोनिका गगनदीप व प्रथम ने जीते मेडल

**बहादुरगढ़।** महाराष्ट्र के पुणे में हुई 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों की कराटे प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए सोनिका ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। लड़कों में गगनदीप माथुर ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में रजत व प्रथम तहलान ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। विजेताओं का कराटे टैंपल में पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। कोच इशांत ने कहा कि तीनों खिलाड़ी पहले भी मेडल जीत चुके हैं। विजेता खिलाड़ियों के अभिभावकों ने भी खुशी जताई।

# प्रभावी संवाद के तरीके सिखाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय द्वारा गांव परनाला में चल रहे साप्ताहिक एनएसएस शिविर के 7वें दिन स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर सफाई, जलनिकासी, स्वास्थ्य और शिक्षा आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए वातावरण को साफ रखने के लिए प्रेरित किया।

स्वयंसेविकाओं ने मंगलवारको परनाला गांव के प्राचीन शिव मंदिर के दर्शन किए और तालाब का भ्रमण किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि धार्मिक और बौद्धिक विकास स्वयं सेविकाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक है। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा के लिए हमेशा तैयार रहने का संदेश दिया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नेहा नैन ने बताया कि प्रातःकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने योग अभ्यास किया। भारतीय प्राचीन संस्कृति, संस्कार व ग्रामीण जीवन शैली की गहराई से जानकारी ली। डॉ. नैना फोगाट ने स्वयं सेविकाओं को कम्युनिकेशन स्किल्स के टिप्स दिए। कम बोलने, साफ बोलने व असरदार बोलने की सलाह दी। प्रभावी संवाद के गुर सिखाए और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। स्वयं सेविकाओं ने अनुभव सांझा किए और शिविर के दौरान सीखी गई बातों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



बहादुरगढ़। परनाला गांव में बने ओपन जिम में एक्सरसाइज करती स्वयंसेविकाएं।



बहादुरगढ़। विराज अंतिल को सम्मानित करती संगीता वर्मा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### बेंच प्रेस वेट लिफ्टिंग में विजेता रहे विराज अंतिल

**बहादुरगढ़।** शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 7वीं कक्षा के छात्र विराज अंतिल ने सोनीपत में हुई बेंच प्रेस वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के 56 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा ने विराज अंतिल को विशेष रूप से सम्मानित किया। उपनिदेशिका सुमित्रा महला ने कहा कि विराज ने कम उम्र में यह सफलता हासिल कर दूसरों को भी प्रेरित किया है। प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि स्कूल हमेशा विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और खेल विकास को प्रोत्साहित करता रहेगा।



बहादुरगढ़। विजेता व प्रतिभागी टीमों के साथ प्रिंसिपल दलबीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

### विजेता टीमों को किया सम्मानित

**बहादुरगढ़।** झज्जर में हुई इंटर डिस्ट्रिक्ट लेवल साइंस प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में सम्मान किया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह के साथ कॉलेज काउंसिल ने प्रतिभागी टीमों और उनके इंचार्ज को बधाई दी। बता दें कि मनोविज्ञान में शिखा और मानसी ने प्रथम स्थान, प्राणी विज्ञान आकाश और दीपिका ने द्वितीय स्थान, रसायन विज्ञान में कोमल एवं नैन्सी ने द्वितीय स्थान तथा भौतिकी विज्ञान में विधिता आर्या और रिया सिंह सर्वश्रेष्ठ व्याख्याता का सम्मान प्राप्त किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी वैज्ञानिक सोच और प्रस्तुति कौशल की प्रशंसा की। उन्होंने विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए भविष्य में भी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# समाज सेवा के लिए समर्पित रहने की प्रतिज्ञा ली

- राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। एनएसएस कैंप में हुई गतिविधियों में भाग लेती स्वयंसेविकाएं व सड़क सुरक्षा के तरीके समझाते एसआई सत्यप्रकाश।

राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। प्राचार्या अलका गुलाटी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशिमा ने उन्हें पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

प्राचार्या अलका गुलाटी ने स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी का महत्व बताते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता विकसित करता है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं से शिविर के प्रत्येक दिन को सेवा भावना के साथ पूर्ण निष्ठा से निभाने का आह्वान किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशिमा ने शिविर के उद्देश्यों और आगामी सात दिनों की गतिविधियों पर प्रकाश डाल। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस गीत प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया।

स्वयंसेविका रिया ने एनएसएस के महत्व और समाज में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। सभी स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस प्रतिज्ञा ली। समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया गया। एसआई सत्यप्रकाश ने सड़क सुरक्षा विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व तथा दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। डॉ. शीतल द्वारा पासिंग द क्लैप नामक आइस ब्रेकिंग गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. ललिता व डॉ. रीना का विशेष योगदान रहा।

# नाले की सफाई से खत्म होगी जलभराव की समस्या

- भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर काशी गार्डन के निकट नाला ओवरफ्लो की समस्या के समाधान के लिए भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने मंगलवार को बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री, सचिव प्रदीप, एमिनेंट पर्सन विकास काजला, मनोज राठी और मनोनीत पार्षद भीम सिंह प्रणामी के साथ मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद दिनेश कौशिक ने कहा कि जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नाले को जल्द साफ करवाया जाए। दरअसल, नाला ओवरफ्लो होने के कारण सड़क और आसपास के इलाके में पानी भर जाता है। जिससे एक तरफ सड़क टूटने लगी है तो दूसरी तरफ आवागमन प्रभावित होता है। निरीक्षण में पाया गया कि जलभराव के कारण सड़क का एक हिस्सा टूट भी चुका है। दिनेश कौशिक ने कहा कि जल्द ही इस समस्या का स्थाई समाधान करवाया जाएगा।



बहादुरगढ़। झज्जर रोड पर जलभराव का जायजा लेते अधिकारी व भाजपा नेता।



बहादुरगढ़। एसडीओ सुनील कौशिक के साथ कैंप में पहुंचे एसडीएम अभिनव सिवाच। फोटो: हरिभूमि

## एसडीएम से एग्रीस्टैक आईडी कैंप का किया निरीक्षण

**बहादुरगढ़।** एसडीएम अभिनव सिवाच ने मंगलवार को उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक के साथ गांव नूना माजरा में संचालित एग्रीस्टैक किसान आईडी कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को एग्रीस्टैक के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बहादुरगढ़ उपमंडल में अब तक 12 हजार 175 किसानों की आईडी बनाई जा चुकी है। एसडीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का लाभ केवल उन किसानों को मिलेगा, जिन्होंने अपनी किसान आईडी बनवा ली है। उन्होंने फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक किसानों को एग्रीस्टैक आईडी बनवाने के लिए जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे। एसडीओ सुनील कौशिक ने बताया कि किसानों के हित में सरकार की महत्वाकांक्षी एग्रीस्टैक फार्मर आईडी एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहचान है। उन्होंने विश्वास जताया कि उपमंडल के सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी तय समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली जाएगी।



बहादुरगढ़। बराही में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाती सुनील देवी।

### बराही में बच्चों को करवाया सूर्य नमस्कार

**बहादुरगढ़।** गांव बराही के रेडिएंट पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग की प्रतिनिधि सुनील देवी ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया और योग के शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या सोनिया कौशिक, शिक्षिका मीना व शारदा उपस्थित रहीं। सभी ने विद्यार्थियों से योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

## ग्रेपलिंग कुश्ती के पदक विजेता उधम सिंह को किया सम्मानित



झज्जर। पहलवान उधम सिंह को सम्मानित करते हुए जटेला धाम महंत राजेंद्र दास।

**झज्जर।** गांव माजरा डी निवासी पहलवान उधम सिंह ने ग्रेपलिंग कुश्ती के जूनियर नेशनल में गोल्ड मेडल तथा सीनियर एशियन ग्रेपलिंग कुश्ती में ब्रांज मेडल क्षेत्र व जिले का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर विजेता पहलवान का स्वागत करते हुए उसका सम्मान किया गया। ग्राम सरपंच विनोद नंबरदार ने बताया कि उधम सिंह के दादा स्वर्गीय जगदीश शिक्षक थे तथा उसके पिता विकास पहलवान खेतीबाड़ी करते हैं। बचपन से ही कुश्ती का शौक रखने वाले उधम सिंह ने जोरा अखाड़ा से कुश्ती की शुरूआत की थी। अब उसने विशाखापट्टनम में आयोजित नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता तथा थाईलैंड में आयोजित सीनियर एशियन ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया। तपोभूमि जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास व महाराज पूर्णदास भी उधम सिंह को आशीर्वाद देने पहुंचे। इस दौरान उधम सिंह के कोच कैप्टन जोरा सिंह, प्रवीण व कालू का सम्मान किया गया।

## केरल में हुआ 46वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन

# बीआरजी के मास्टर एथलीटों ने लगाई पदकों की झड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

केरल में आयोजित 46वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी। इसमें देशभर से आए अनुभवी मास्टर्स एथलीटों ने भाग लिया था। बीआरजी संस्थापक दीपक छिल्लर ने इस सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम बताया।

तिरुवनंतपुरम के चंद्रशेखरन नायर स्टेडियम में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीआरजी के गुलाब सिंह, ब्रह्म प्रकाश मान, मुकेश दहिया, ममता रानी, धर्मवीर सैनी, कृष्णा राणा, इकलाश और अरविंद कुमार ने अपने-अपने इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया। कृष्णा राणा ने 60 प्लस आयु वर्ग में 5 किलोमीटर दौड़, 2 किलोमीटर स्टीपलचेज व 5 किलोमीटर रेस वॉक में तीन स्वर्ण पदक जीते। सारिका ने भी अपने आयु वर्ग में 5 किलोमीटर, डेढ़ किलोमीटर व 800 मीटर दौड़ में तीन स्वर्ण पदक जीते। मुकेश दहिया और अरविंद कुमार ने रिले टीम इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। इकलाश ने भी अपने इवेंट में रजत पदक जीता। धर्मवीर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वां स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही मुकेश दहिया, कृष्णा राणा, सारिका, अरविंद कुमार, धर्मवीर और इकलाश ने दक्षिण कोरिया में प्रस्तावित वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालिफाई किया।



बहादुरगढ़। केरल में शानदार प्रदर्शन करने वाले बीआरजी के मास्टर एथलीट।

## विश्वस्तरीय एनजीओ ने ठोस कचरा प्रबंधन और सीवरेज ट्रीटमेंट पर दी प्रजेंटेशन




झज्जर। ग्लोबल ईएसजी एसोसिएशन के पदाधिकारी जिला प्रशासन के समक्ष प्रेजेंटेशन देते हुए। फोटो: हरिभूमि

**झज्जर।** विश्वस्तरीय गैर सरकारी संगठन ने बहादुरगढ़ में ठोस कचरा प्रबंधन, वाटर और सीवरेज ट्रीटमेंट के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के साथ कार्य करने की रुचि दिखाई है। संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सुबह लघु सचिवालय सभागार में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की मौजूदगी में अधिकारियों के समक्ष अपनी प्रेजेंटेशन दी। बैठक में ग्लोबल ईएसजी एसोसिएशन गैर सरकारी संगठन की ओर से किम युंघवा महाप्रबंधक इंडिया, यंग सून अध्यक्ष कोरियन एसोसिएशन ऑफ गुजरात, अजय कटूरी विशेषज्ञ शहरी विकास और कुमारी शिल्पा पोडूवाल विशेषज्ञ पर्यावरण योजना एवं प्रबंधन ने प्रेजेंटेशन दी। डीसी ने प्रेजेंटेशन उपरांत नप और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संगठन के पदाधिकारियों को बहादुरगढ़ में मौजूद ठोस कचरा प्रबंधन और सीवरेज ट्रीटमेंट की व्यवस्था का अध्ययन करने और नई तकनीक के साथ विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा।